

मुख्यमंत्री ने किया 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

# पुलिस कर्तव्य पालन के साथ खेलों में भी अर्जित कर रही उपलब्धियां

भोपाल(कासं)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और भोपाल में वॉटर स्पोर्ट्स का अर्धकुंभ आरंभ हो रहा है। पुलिस, नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। पुलिस बल के अनेक जवानों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए देश का नाम रोशन किया है।**

राजा भोज द्वारा निर्मित भोपाल के ऐतिहासिक बड़े तालाब में अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन, प्रदेश सहित राजधानी भोपाल के लिए गौरव का विषय है। इस आयोजन से वॉटर स्पोर्ट्स के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा। डॉ. यादव 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव का बड़े तालाब स्थित आयोजन स्थल वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में आगमन पर पुलिस बैंड द्वारा अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल आई विभिन्न राज्यों और पुलिस इकाइयों के टीम मैनेजर्स से परिचय प्राप्त किया तथा तिरंगे गुब्बारों के प्रदर्शन और उन्हें मुक्त आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सम्मुख प्रतियोगी टीमों द्वारा मार्च-पास्ट तथा रो-पास्ट का प्रदर्शन किया गया। डॉ. यादव ने स्मारिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में सहभागी टीमों को शपथ भी दिलाई गई। मुख्यमंत्री को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा अखिल भारतीय आयोजन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड द्वारा लगातार देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत की गईं।

अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, सेना इत्यादि में प्रवेश लेने वालें को जवान कहा जाता है, इस आशय से वे सेवाकाल तक जवान ही रहते हैं। वे उत्साह, उमंग और देश व देशवासियों के प्रति सेवा और समर्पण के भाव से कार्य करते रहें, यही कामना है। आपने बताया कि 17 से 21 फरवरी तक चलने वाली वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में कयाकिंग, केनोइंग और रोइंग के महिला-पुरूष वर्ग की कुल 27 प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से 360 मेडल्स और ट्रॉफियों का निर्णय होगा। प्रतियोगिता में देश के राज्य पुलिस बलों और केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की 22 टीमों के 557 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 123 महिलाएं हैं। इससे पहले पाँच बार मध्यप्रदेश पुलिस ने अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया, यह छठवीं अखिल भारतीय प्रतियोगिता है।

पुलिस महानिदेशक श्री मकवाना ने कहा कि खेलों का वैश्विक स्तर पर लंबा इतिहास रहा है। भोपाल का नाम देश में वॉटर स्पोर्ट्स राजधानी के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा इसके लिए आवश्यक सहयोग और प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में अंडमान निकोबार, असम, बिहार, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडीशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, सीआरपीएफ, आइटीबीपी और सशस्त्र सीमा बल की टीमें भाग ले रही हैं।

नगर निगम के सौंदर्यीकरण कार्यों ने लिया आकार...

# पेंटिंग, कलाकृतियों और बहुरंगी फव्वारों ने शहर को बनाया खूबसूरत

भोपाल (कासं)।

**नगर निगम द्वारा ग्लोबल इनवेस्टर समिट के लिए राजधानी को सजाने, संवारने के कार्यों ने अब आकार लेना शुरू कर दिया है और चौराहों, सेंट्रल वर्ज, साइड वर्ज पर आकर्षक पेड़-पौधे व रंग-बिरंगे फव्वारे तथा दीवारों/विशेष रूप से तैयार कृतियों पर राष्ट्रीय ध्वज रूपी पेंटिंग सहित विभिन्न प्रकार की पेंटिंग्स और कलाकारों द्वारा उकेरी गई कलाकृतियां बर्बस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है।**

निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों का सोमवार को निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने करीब चार घंटे तक एयरपोर्ट से बोट क्लब तक, न्यू मार्केट से भदभदा, नेहरू नगर एवं अन्य क्षेत्रों में अवलोकन किया और सभी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक निर्माण विभाग, ट्रॉफिक पुलिस व नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे। नगर निगम आयुक्त ने सोमवार को राजा भोज विमानतल, स्टेट हैंगर, गांधी नगर, बैरागढ़, लालघाटी, व्ही.आई.पी रोड, लेकव्यू पाईंट, सेल्फी पाईंट, गौहर महल, इकबाल मैदान, कमला पार्क, श्यामला हिल्स, बोट क्लब, भारत माता चौराहा, पीएंडटी चौराहा रोड, भदभदा चौराहा एवं नेहरू नगर मार्ग, न्यू मार्केट, टीटी नगर दशहरा मैदान, अटल पथ आदि क्षेत्रों में निगम द्वारा किए जा रहे सौंदर्यीकरण एवं संधारण कार्यों का अवलोकन किया। श्री नारायन ने एयरपोर्ट रोड में निगम द्वारा मार्ग के दोनों ओर पेड़, पौधे लगाकर हरियालीयुक्त बनाने और मार्ग के दोनों ओर विशेष आकृतियां बनाकर तिरंगा रूपी पेंटिंग का निरीक्षण किया और उसकी सराहना की तथा शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांधी नगर-एयरपोर्ट ब्रिज के नीचे एवं सामने आकर्षक पेंटिंग और फव्वारे का अवलोकन करते हुए, पेंटिंग की सराहना की और अन्य स्थानों पर आकर्षक पेंटिंग व सौंदर्यीकरण तथा फव्वारे आदि के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।




श्री हरेंद्र ने एयरपोर्ट रोड पर गमलों को व्यवस्थित करने, एयरपोर्ट के समीप पौधरोपण स्थल पर बेहतर ढंग से संधारण एवं सौंदर्यीकरण कराने, एयरपोर्ट मुख्य मार्ग पर टूटी दुकानों के सामने पेंटिंग आदि कराकर सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने लालघाटी से बैरागढ़ मार्ग के सौंदर्यीकरण कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण करने, लेक व्यू पाईंट व सेल्फी पाईंट को और अधिक आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के निर्देश दिए। श्री नारायन ने गौहर महल सीढ़ीघाट पर किए गए सौंदर्यीकरण, लाईटिंग व सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया और गौहर महल के अन्य भागों में भी आवश्यकतानुसार रंग, रौगन कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने इकबाल मैदान में किए जा रहे संधारण व सौंदर्यीकरण कार्यों को भी उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने, इकबाल मैदान के सामने की दुकानों, भवनों की साफ-सफाई कराकर आकर्षक रंग-रौगन कराने के निर्देश दिए साथ ही शेष मार्ग में डामरीकरण/ क्रांकीटीकरण कराने के भी निर्देश दिए। श्री नारायन ने कमला पार्क में पेड़-पौधों को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने और फाउंटेन में आकर्षक लाईट लगाकर इसे बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने श्यामला हिल्स, दूरदर्शन केन्द्र के सामने हॉकर्स कार्नर को बेहतर स्वरूप प्रदान करने, बोट क्लब पर फुटपाथ एवं साईड वर्ज में पैविंग ब्लॉक व दीवारों पर पेंटिंग/कलाकृतियां बनाने व रेलिंग की पुताई संबंधी कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री नारायन ने मानव संग्रहालय के सामने बनाए गए आकर्षक फाउंटेन के आसपास पेंटिंग कराने के निर्देश दिए।

## सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जा भिड़ा बाइक सवार, गई जान

भोपाल। नजीराबाद थाना इलाके में स्थित नेताजी कॉलोनी में सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक सवार भिड़ गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहाँ डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मूल रुप से राजगढ़ का रहने वाला रामफूल कटेरा पिता कन्हैयालाल कटेरा (45) प्राइवेट काम करता था। शनिवार शाम वह नजीराबाद स्थित नेताजी कॉलोनी से गुजर रहा था। इस दौरान उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। हादसे के समय वह अकेला था। मौके पर मौजूद आसपास के ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### परिचित ही स्कूली छात्रा से करता था छेड़छाड़

गोविंदपुरा थाना इलाके में पूर्व परिचित युवक द्वारा स्कूली छात्रा का पीछा कर उसके साथ छेड़छाड़ करने की घटना सामने आई है। छात्रा के स्कूल आते जाते समय आरोपी उसका पीछा करता कमेंटस करता था। परेशान होकर छात्रा ने परिजनों को सारी बात बताई और फिर पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने छेड़खानी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है। उसकी बुआ परवलिया इलाके में रहती हैं, जहां छात्रा का आना-जाना लगा रहता था। बुआ के गांव में रहने वाले जॉनी मालवीय नामक युवक से छात्रा की पहचान हो गई थी। आरोपी एक ढाबे पर काम करता है। बाद में वह स्कूल आते-जाते समय छात्रा का पीछा कर उसे परेशान करने लगा। पहले तो किशोरी ने उस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जॉनी की हरकतें बढ़ गई तब परेशान होकर उसने परिजनों को सारी बात बताई। रोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# नगर निगम अमले ने आजाद मार्केट से किया चार ट्रक सामान जप्त



भोपाल (कासं)।

**नगर निगम द्वारा शहर की विभिन्न सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।**

इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण निरोधक कार्यवाही करते हुए बड़ी संख्या में अवैध रूप से लगाई गई दुकानें, ठेले व अवैध रूप से पार्क किए गए चार पहिया वाहनों को हटाने की कार्यवाही की गई साथ ही टेबिल, मुर्गा जाली, बेंच, पान पार्लर, काउंटर, गार्डर, फुलकी ठेला सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया। निगम अमले ने आजाद मार्केट क्षेत्र में अतिक्रमणों को हटाते हुए चार ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। अमले ने सोमवार को कोलार रोड, गिरधर परिसर, कंफर्ट स्कूल, दानिश चौराहा, भानपुर ब्रिज के नीचे, गांधी नगर, भौंरी, कोलूखेड़ी, पिपलानी, आनंद नगर, आईएसबीटी, जहांगीराबाद, बुधवारा, आजाद मार्केट, बांसखेड़ी, न्यू मार्केट, रंगमहल, काटजू अस्पताल, टीटी नगर थाना आदि क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाई गई दुकानों, ठेलों, अवैध रूप से लगा गेट, पान पार्लर, काउंटर भी हटवाए।

## बेस्ट प्राइज में शॉपिंग करने आई महिला की पिकअप वाहन की टक्कर से मौत

भोपाल(कासं)।

**शहर के मिसरोद इलाके में एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक से जा रहे परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल पत्नि की मौत हो गई। जबकि उसका पति और बच्चा घायल हो गए।**

पुलिस ने पति की शिकायत पर पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार बंगरसिया में रहने वाली संजू किरार पति उमेद किरार (42) घरेलू महिला थी। उसका पति उमेद किरार निजी बैंक में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। बीते दिन संजू अपने पति और बेटी के साथ मिसरोद इलाके में स्थित बेस्ट प्राइज में शॉपिंग करने आई थी। शाम करीब पाँच बजे वापस लौटते समय उनकी बाइक को पिकअप वाहन नंबर आरजे -17-जीबी-2202 के चालक ने टक्कर मारते हुए भाग गया। टक्कर लगने से उमेद बच्चों के साथ सड़क किनारे जा गिरा, जबकि पत्नि संजू सड़क पर गिरी और गिरते ही बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रुप से घायल संजू किरार सहित पति को इलाज के लिये जेपी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही संजू किरार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में उसकी बेटी और पति को मामुली चोटें आई है। थाना पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। टक्कर मारने वाला वाहन राजस्थान आरटीओ में रजिस्टर्ड है।

## सरोजिनी नायडू में मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित



भोपाल (कासं)।

**सरोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य के कार्यक्रमों से दीप प्रज्वलन कर किया गया। मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण एवं संवर्धन पर आधारित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। मनोविज्ञान विभाग एवं जयप्रकाश नारायण जिला चिकित्सालय के समन्वय से महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाना, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के मनोवैज्ञानिक उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य ने संवेदनात्मक बुद्धि की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ.राहुल शर्मा ने मनहित एप की जानकारी दी साथ ही उन्होंने डिप्रेशन के लक्षण एवं उपचार के बारे में बताया तथा डॉ.मनोज गौर ने बताया कि तनाव से दूर रहने के लिए अपनो से बात करना आवश्यक है एवं छात्राओं से विभिन्न गतिविधिया करवाई। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.संतोष रलावनिया ने प्रारंभिक भूमिका में श्रीमद भगवद्गीता के श्लोकों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के महत्व एवं वर्तमान प्रासंगिकता का विवेचन किया। डॉ.राजेश गढ़वाल,डॉ रजनी रॉय, डॉ.साधना कमठान अक्षत सिंह एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

## तस्कर से गांजा सहित कीमती आईफोन बरामद

भोपाल। राजधानी की क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही में एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से कीमती आई फोन सहित ढाई लाख का माल बरामद किया है। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध मुख्तार कुरैशी ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली की एमपी नगर इलाके के सुभाष नगर ब्रिज के पास बंद पेट्रोल पंप पर एक संदिग्ध युवक ट्रॉली बैग में गांजा लेकर खड़ा है, जो उसकी डिलवरी देने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान शान्तनु नगर पिता रजनीश नगर (24) निवासी सुमित पुरम ग्रीन सिटी सरसवा अर्जुनगंज लखनऊ उत्तरप्रदेश हाल पता धोबी घाट, बैरागढ के रुप में हुई। उसके पास मौजूद ट्राली बैग को चेक करने पर उसमें 7 पैकेट में 15 किलो से अधिक गांजा रखा मिला। साथ ही उसके पास आई फोन भी बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

स्पेशल खबर | मुख्यमंत्री, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक में वर्चुअली हुए शामिल...

# विकास के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें स्थानीय निकायः डॉ. यादव

भोपाल(कासं)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र में स्थानीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाया गया है। नगरीय निकाय और अन्य स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों का उपयोग करते हुए जन-कल्याण के कार्य बेहतर रूप से कर रहे है। हाल ही मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान की सफलता इसका बेहतर उदाहरण है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकाय राज्य सरकार की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करें। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने यह सब मिलकर प्रयास करें, आय के स्रोत बढ़ाएं। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे तो विकास की और नई गति दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं भी बनाकर क्रियान्वित कर सकते हैं। डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर से इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स मध्यप्रदेश इकाई की बैठक को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर मे उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों ने विकास कार्यों के क्षेत्र में देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में तेज गति से समग्र विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है।



नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संविधान के 73 एवं 74वें संशोधन के बाद सबसे ज्यादा अधिकार मध्यप्रदेश के स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि स्थानीय शासन व्यवस्था और अधिक विकेंद्रीकृत हो। उनको ज्यादा से ज्यादा अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास करें। करारोपण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं, आय के नए साधन भी खोजें।

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर तेज गति से विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं सांसद वीडी शर्मा भी वर्चुअली शामिल हुए। नगरीय आवास एवं विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माधुरी पटेल, इंदौर सांसद शंकर लालवानी और राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, स्थानीय विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक जीतू जिराती, सुमित मिश्रा तथा श्रवण चावड़ा सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।